प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.01.2026/प्रादेशिक समाचार/1500 बजे

पीएम – रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार भारत और विदेश में युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने के प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत कई देशों के साथ व्यापार और आवागमन समझौते कर रहा है, जिससे देश के कुशल युवाओं के लिए अनेक अवसर सामने आ रहे हैं। प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से 18वें राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारत की सशक्त अर्थव्यवस्था पर बल देते हुए कहा कि यह दुनिया की एकमात्र अर्थव्यवस्था है, जिसने एक दशक में अपनी जीडीपी को दोगुना कर लिया है। उन्होंने कहा कि आज एक सौ से ज़्यादा देश, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश–एफडीआई के माध्यम से भारत में निवेश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे देश के युवाओं के लिए रोजगार के अनगिनत अवसर सृजित हो रहे हैं।

नरेनद्र मोदी ने 24 जनवरी को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह वही दिन है, जब संविधान ने जन गण मन को राष्ट्रगान और वंदे मातरम को राष्ट्रगीत के रूप में मान्यता दी थी। उन्होंने रोजगार मेले के बारे में कहा कि यह एक संस्थागत व्यकवस्थाा बन चुका है और लाखों युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों से नियुक्ति पत्र मिल चुके हैं।

....

पीएम – रोजगार मेला–2

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज सौंपे गए नियुक्ति पत्र युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए आमंत्रण पत्र और विकसित भारत की ओर ले जाने के लिए संकल्प पत्र है। 18वां रोजगार मेला देश भर के 45 स्थानों पर आयोजित किया गया है। इस दौरान विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए 61 हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

....

मौसम

राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान हुई भारी बर्फबारी और बारिश से सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है और समूचा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में हैं। हालांकि आज बर्फबारी व वर्षा का क्रम थमा हुआ है। इस बर्फबारी व वर्षा से जहां किसानों व बागवानों की फसलों को संजीवनी मिली है वहीं पर्यटन व्यवसाय को भी गति मिलेगी। भारी बर्फबारी के कारण प्रदेश में परिहन निगम के करीब 8 सौ रूट बंद पड़े हैं और 2 सौ 50 से अधिक बसें फंसी पड़ी हैं। राज्य में लगभग साढ़े 10 हजार बिजली ट्रांसफार्मर ठप्प पड़े हैं, जिससे बीते कल से ग्रामीण इलाकों के साथ–साथ शहरी क्षेत्रों बिजली आपूर्ति प्रभावित है। सबसे अधिक असर शिमला, कुल्लू, मंडी, किन्नौर, चम्बा और लाहौल स्पीति जिलों में हुआ है। राज्य के विभिन्न स्थानों पर प्रभावित बिजली व सड़क सुविधाओं को बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। जनजातीय ज़िला लाहौल–स्पिति में मौसम खराब बना हुआ है और भारी हिमपात से सड़क, संचार और पेयजल आपूर्ति प्रभावित है। चम्बा जिला में हिमपात और बारिश के बाद प्रचंड शीतलहर जारी है। पंगवाल एकता मंच के अध्यक्ष ने इस बारिश व बर्फबारी को किसानों व बागवानों के लिए संजीवनी बताया है।

इधर शिमला जिला में भी बर्फबारी के चलते अधिकतर सड़कें यातायात के लिए बंद पड़ी हैं। शिमला शहर में हालांकि मुख्य सड़कों से बर्फ हटा दी गई है लेकिन फिसलन की वजह से बस सेवाएं नहीं हो पाई है। कई इलाकों में बिजली गुल है और पानी की आपूर्ति भी बाधित है जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

....

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है बर्फबारी व वर्षा से बागवानों, किसानों और राज्य की आर्थिकी को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग सड़कों की बहाली में जुटा हुआ है और 3 सौ 85 मशीनों को सड़कों को खोलने के लिए तैनात किया गया है।

....

प्रधानमंत्री–मन की बात.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 130वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी व दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

....